हे भोलेनाथ | By Vicky Sandhu

हे भोलेनाथ हे शम्भू नाथ
हे मेरे भोलेनाथ
कृपा करो हे दीनदयाल
आया मैं शरणा तेरी
हे भोलेनाथ हे शम्भू नाथ
हे मेरे भोलेनाथ

सुबह शाम तेरा नाम ध्याऊँ
पूजा करके आज मनाऊं
तेरे नाम का दीप जलाऊँ
तेरा हार श्रृंगार कराऊँ
माला गले मोतियाँ दी डाल
आया मैं शरणा तेरी
हे भोलेनाथ हे शम्भू नाथ
हे मेरे भोलेनाथ

मात पिता मेरे सब कुछ तुम हो
दीन बंधू सखा तुम्ही हो
प्रीत लगाए दुनिया सारी
नैनो की ज्योति नूर तुम्ही हो
तेरा गान सिमरन करने
आया मैं शरणा तेरी
हे भोलेनाथ हे शम्भू नाथ
हे मेरे भोलेनाथ

विघ्न कष्ट सब हर लो हमारे
पूरण कर दो काज हमारे
खुशी खुशी तेरे दर पे आएं
कभी ना हमको कष्ट सताये
सुनलो भोले मेरी पुकार
सुनलो बाबा मेरी पुकार
आया मैं शरणा तेरी
हे भोलेनाथ हे शम्भू नाथ
हे मेरे भोलेनाथ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-by-vicky-sandhu/